web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 13 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-191

## मोदी आज 'विजय संकल्प रैली' को करेंगे संबोधित



**कोझिकोड (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम कालीकट बीच पर 'विजय संकल्प रैली' को संबोधित करेंगे। सूत्रों के अनुसार मोदी शाम छह बजकर 10 मिनट पर एक विशेष उड़ान से करिपुर हवाई अड्डा पहुंचेंगे और बाद में कालीकट बीच के लिए रवाना होंगे।

प्रधानमंत्री शाम साढ़े छह बजे रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में उत्तरी केरल से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवारों के अलावा भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों के नेता भी शामिल होंगे। मोदी करिपुर से शाम सात बजकर 10 मिनट पर रवाना होंगे और उसके बाद साढ़े सात बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## पूर्व सैन्य अधिकारियों की चिट्ठी पर बवाल

**नई दिल्ली।** 150 से अधिक पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा मोदी सरकार के सेना के राजनीतिकरण को लेकर राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र पर विवाद गहरा गया है. सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति कार्यालय को अभी तक ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है. हालांकि कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दिन (बृहस्पतिवार) ही पत्र राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेजा गया था।

## मीनाक्षी लेखी ने राहुल के खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल की



**नईदिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद मीनाक्षी लेखी ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अदालत में अवमानना याचिका दाखिल की। उन्होंने यह याचिका राफेल लड़ाकू विमान मामले में राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चौकीदार चोर है टिप्पणी करने के संदर्भ में दायर की। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए सोमवार का दिन निर्धारित किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में बारिश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी दिल्ली में मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला है। सुबह से ही काले बादल छाए थे, इसके बाद कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई। जिससे पिछले कई दिन से हो रही गर्मी से निजात मिली है। गर्मी से बेहाल लोगों के लिए यह हवाएं और हल्की बारिश राहत लेकर आई। दिल्ली एनसीआर में दोपहर की शुरुआत कुछ सुहानी रह सकती है। हालांकि आने वाले दिनों में गर्मी से इस तरह की राहत नहीं मिलती दिख रही है। आपको बता दें कि गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले थे, 11 अप्रैल यानि गुरुवार का दिन पिछले आठ सालों में सबसे गर्म दिन रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया था। पालम केंद्र पर सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री व आयानगर में 39.6 डिग्री दर्ज हुआ।

### चोरी के शक में युवक की भीड़ ने पिटाई, मौत

**नईदिल्ली।** दिल्ली में चोर होने के संदेह पर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार को पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी। यह घटना गुरुवार की देर रात हुई जब पीड़ित एक घर में घुस रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने उसे चोर समझ कर पकड़ लिया और उसकी बेहोश होने तक पिटाई कर दी। जिसके बाद बेहोशी की हालत में युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं एक अन्य को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच चल रही है।

### पाकिस्तान के चेटा में बम धमाका, 16 लोगों की मौत, 30 घायल

**कराची।** पाकिस्तान के चेटा शहर के हज़ार गांजी सब्जी मंडी में शुक्रवार सुबह हुए विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी और करीब 30 लोग घायल हो गए। घायलों को बोलन मेडिकल कॉम्पलेक्स एवं सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोट वाली जगह को घेराबंदी कर दी है। पुलिस उप महानिदेशक (डीआईजी) अब्दुल रज्जक चीमा ने विस्फोट में 16 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। यह विस्फोट हजारा समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाकर किया गया। पीड़ितों में ज्यादातर सब्जी विक्रेता हैं। डीआईजी चीमा ने कहा विस्फोट में मारे गये लोगों में ज्यादातर हजारा समुदाय के सदस्य हैं। बम विस्फोट में फ्रंटियर कोर के एक जवान की भी मौत हो गयी। पुलिस ने मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जतायी है। विस्फोट स्थल के लिए बचाव टीम, पुलिस और फ्रंटियर कोर के जवान पहुंच गये है। इलाके को चारों ओर से घेर लिया गया है और घटनास्थल पर बाहर से आने वाले लोगों पर रोक लगा दी है। हजारा समुदाय को सांप्रदायिक हिंसा के तहत निशाने पर लिया जाता है क्योंकि वे अपनी शारीरिक कद काठी के कारण आसानी से पहचाने जा सकते हैं। इससे पहले चेटा के पुलिस महानिरीक्षक ने मीडिया को आठ लोगों के मारे जाने और सात लोगों के घायल होने की पुष्टि की थी।

### चुनावी बांड की जानकारी 30 मई तक जमा कराने का एससी का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे चुनावी बांड्स की रसीदों और दानकर्ताओं की पहचान का ब्यौरा सील बंद लिफाफे में चुनाव आयोग को सौंपे। शीर्ष अदालत ने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे चुनाव पैनल को 30 मई तक दान राशि एवं दानकर्ता बैंक खाते का ब्यौरा सौंपे। यह निर्देश प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने दिया। यह आदेश एक स्वयं सेवी संगठन की याचिका पर दिया गया। इसमें इस योजना की वैधता को चुनौती देते हुये कहा गया था कि या तो चुनावी बांड्स को जारी करना स्थगित हो या चुनावी प्रक्रिया में शुचिता बनाए रखने के लिए दानकर्ताओं के नाम उजागर किए जाएं।

## कपड़े के शोरूम में लगी भीषण आग



Demo Pic.

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के उत्तम नगर स्थित एक कपड़े की शोरूम में बीती रात भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

दमकल विभाग को देर रात करीब 2.50 बजे शोरूम में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की करीब 25 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारी ने कहा, सुबह 7.25 बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

इमारत के अंदर कुछ लोग फंसे हुए थे जिन्हें बचा लिया गया। दमकल विभाग का कहना है कि शोरूम एक पतली गली में स्थित है जिस वजह से दमकल की गाड़ियों को कहां पहुचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

## अमेरिका ने किया भारत के मिशन शक्ति का समर्थन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने भारत के मिशन शक्ति का फिर समर्थन किया। मिशन शक्ति के जरिए उपग्रह रोधी मिसाइल परीक्षण क्षमताएं हासिल करने के लिए भारत का बचाव करते हुए कहा कि भारत अंतरिक्ष में पेश आ रहे 'खतरों से चिंतित है।

गौरतलब है कि भारत ने 27 मार्च को जमीन से अंतरिक्ष में मार करने वाली मिसाइल से अपने एक उपग्रह को मार गिराने के साथ ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली थी। इस परीक्षण के साथ ही अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ए सैट क्षमताओं वाला चौथा देश बन गया है। अमेरिकी कूटनीतिक कमान के कमांडर जनरल जॉन ई हीतेन ने सीनेट की शक्तिशाली सशस्त्र सेवा समिति से कहा, भारत के एसैट से पहली सीख यह सवाल है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया और मुझे लगता है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे अंतरिक्ष से अपने देश के समक्ष पेश आ रहे खतरों को लेकर चिंतित हैं।

उन्होंने भारत के इस उपग्रह रोधी मिसाइल परीक्षण की जरुरत और इससे अंतरिक्ष में फैले मलबे पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, इसलिए उन्हें लगता है कि उनके पास अंतरिक्ष में अपना बचाव करने की क्षमता होनी चाहिए। नासा ने भारत द्वारा अपने ही एक उपग्रह को मार गिराए जाने को ''भयानक'' बताते हुए कहा था कि इससे अंतरिक्ष की कक्षा में उपग्रह के करीब 400 टुकड़े फैल गए जिससे अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को खतरा है।

अमेरिका ने ए सैट मिसाइल परीक्षण से पैदा हुए मलबे को लेकर संभावना जताई कि वह वायुमंडल में ही जलकर नष्ट हो जाएगा। जबकि इससे पहले नासा ने कहा था कि भारतीय सैटेलाइट के नष्ट होने से 400 टुकड़े हुए जो अब भी अंतरिक्ष में घूम रहे हैं।

इससे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को भी खतरा पहुंच सकता है। अमेरिका ने यह भी बयान दिया था कि उसे भारत के इस टेस्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। वह दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष में आपसी सहयोग जारी रखेंगे।

## नेतन्याहू को मिली पांचवीं बार बड़ी जीत

**जेरूसलम।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने इजरायल में 2019 में हुए चुनाव में 36 सीटें जीत ली हैं और मुख्य प्रतिद्वंद्वी, ब्लू एंड व्हाइट पार्टी को पीछे छोड़ दिया। आधिकारिक परिणाम में यह दिखाया गया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति के प्रमुख जज हनन मेलसर के अनुसार, समिति ने गुरुवार रात परिणाम जारी किए। परिणाम मतगणना के दो दिन बाद जारी हुए और कंप्यूटर में खराबी के कारण इसमें देरी हुई। नेतन्याहू की दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी ने 36 सीटें जीतीं, जबकि पूर्व सेना प्रमुख बेनी गेंट्ज की अगुवाई वाली ब्लू एंड व्हाइट ने 35 सीटें हासिल कीं।

नेतन्याहू को अब इजराइल की 120 सीटों वाली संसद या नेसेट में कम से कम 61 सदस्यों के साथ शासन हेतु गठबंधन बनाने की जरूरत है। उन्होंने पहले ही कहा है कि वह दक्षिणपंथी और अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों के साथ गठबंधन बनाने का इरादा रखते हैं।उनके संभावित साझेदारों में आठ सीटों के साथ शास और सात सीटों के साथ यूनाइटेड तोराह जूडिज्म शामिल हैं। ये दोनों ही यहूदी अति-रूढ़िवादी पार्टियां हैं। नेतान्याहू के एक और संभावित गठबंधन साझेदार युनाईटेड राइट को पांच सीटें

## चांद पर उतरने से कुछ क्षण पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ अंतरिक्ष यान

**येरुद।** चांद पर उतरने से महज कुछ ही क्षण पहले इस्रायल के अंतरिक्ष यान का पृथ्वी से संपर्क कट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना के साथ ही निजी वित्त पोषित पहला चन्द्र मिशन इतिहास बनाने में नाकाम रहा। चन्द्रमा पर उतरने के अंतिम चरण में अंतरिक्ष यान का संपर्क पृथ्वी पर स्थित नियंत्रण कक्ष से टूट गया। उसके कुछ ही देर बाद

### इतिहास रचने से चूका इस्रायल

मिशन को असफल घोषित कर दिया गया।

इस्रायल एरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अंतरिक्ष विभाग के महाप्रबंधक ओफेर डोरान ने बताया, 'हमारा यान चन्द्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।'

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यान टुकडे-टुकड़े होकर अपने उतरने वाली जगह पर बिखर गया है। डोरान ने बताया कि लैंडिंग से कुछ ही देर पहले अंतरिक्ष यान का इंजन बंद हो गया। जब तक उसे दोबारा चालू किया जाता, यान की गति सुरक्षित लैंडिंग के हिसाब से बहुत ज्यादा थी।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक असफलता के कारणों का पता

## चुनावी हलफनामे में स्मृति ईरानी ने कहा- ग्रेजुएट नहीं



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री और अमेठी लोकसभा सीट की बीजेपी उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने गुरुवार को जो चुनावी हलफनामा सौंपा है उसमें उन्होंने यह बताया कि वह दिल्ली यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी नहीं कर पाई थी। अमेठी संसदीय सीट पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरी स्मृति ईरानी ने नामांकन के वक्त दायर अपने हलफनामे में ये बताया कि वह 1991 में सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा पास की थी और 1993 में सीनियर सेकेंडरी की। उन्होंने कहा कि वह तीन साल का कोर्स बी.कॉम (पार्ट-1) दिल्ली यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग साल 1994 में पूरी नहीं कर पाई। इससे पहले, साल 2014 के चुनावी हलफनामे में उन्होंने रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कहा था कि वे 1994 में यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। जिसके बाद उनके इस नए हलफनामे में अलग दावे के चलते विवाद पैदा हो गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देगा रूस, रूसी दूतावास का एलान



**नई दिल्ली।** रूस ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान (ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल) देगा। यह जानकारी नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास ने शुक्रवार को दी। यह अवार्ड उन हस्तियों को दिया जाता है जो रूस के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व में योगदान करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी यह पुरस्कार भारत और रूस के बीच संबंधों को मजबूती देने के लिए दिया जाएगा।

रूसी दूतावास के बयान में कहा गया है कि रूस ने 12 अप्रैल को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान %ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल% से सम्मानित करने का फैसला किया। बता दें कि इस पुरस्कार की स्थापना 17वीं शताब्दी के अंत में रूस के तत्कालीन सम्राट ज़ार पीटर प्रथम ने की थी। इस सम्मान को अन्य पुरस्कारों के साथ अक्टूबर 1917 की क्रांति के बाद समाप्त कर दिया गया था। लेकिन, जुलाई 1998 में रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन द्वारा इसे दोबारा शुरू किया गया।

यह सातवां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित हुए हैं। प्रधानमंत्री को संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च नागरिक अवार्ड 'जायद मेडल' से सम्मानित किए जाने के एक हफ्ते बाद रूसी पुरस्कार मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान %चैंपियंस ऑफ अर्थ द अवार्ड% से भी सम्मानित किए जा चुके हैं। इसी साल फरवरी में उन्हें दक्षिण कोरिया में सियोल शांति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

## भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या ने प्रत्यर्पण के खिलाफ फिर किया आवेदन



**लंदन।** भारतीय बैंकों का करीब नौ हजार करोड़ का गबन करने वाले और मनी लांड्रिंग केस में फंसे शराब कारोबारी विजय माल्‍या ने ब्रिटेन की हाईकोर्ट में भारत के प्रत्यर्पण के खिलाफ एक बार फिर आवेदन किया है। 63 वर्षीय पूर्व किंगफिशर एयरलाइंस का बॉस पिछले शुक्रवार को अदालत में ÷अपील करने के लिए छुट्टी÷ की मांग करने वाले एक आवेदन में अपने पहले प्रयास में विफल रहा।

हाईकोर्ट के जज से पहली संक्षिप्त मौखिक सुनवाई के लिए पुनः आवेदन के लिए पांच व्यावसायिक दिन मिले हैं, जहां उनके वकील ने भारत को प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ अपने मामले को आगे बढ़ाया है।

ज्ञात रहे कि ब्रिटिश हाईकोर्ट ने भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या की प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील दायर करने की पहली अर्जी ठुकरा दी है। कोर्ट के इस फैसले से माल्या को जल्द भारत लाने की उम्मीद बढ़ गई है। विजय माल्‍या ने 14 फरवरी को ब्रिटेन के प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति मांगी थी।

इस आदेश पर ब्रिटेन के गृह मंत्री साजिद जाविद ने हस्ताक्षर किए थे। ब्रिटिश न्यायपालिका के लिए प्रवक्ता ने कहा कि जस्टिस विलियम डेविस ने शुक्रवार को अपील की अनुमति के लिए दायर अर्जी ठुकरा दी थी।